लिया मान इसे फरमान तेरा ॥5॥

जीवन की बगिया हरी भरी । ज्यों फूल बनन कलियां उभरी
तुम जैसा पाया स्वामी । ना कमी रहे ना खामी ॥ स्था ॥

मेरा सुधार हो गया स्वत । अच्छा विचार हो गया स्वतः
पतझड़ का पलायन सदा लिए, जीवन बहार हो गया स्वत.
ज्योति आगे आगे चलती, मे उसका हो गया अनुगामी ॥1॥

मंगल मार्ग सम्मुख आया । मंजिल से उसको मिलवाया
पैरो मे दे दी चंचलता, गति मे तेजी को भी पाया
श्रेष्ठ चाह यह मिली मुझे, बनना अवश्य सत्पथगामी ॥2॥

आकांक्षा में लक्ष्य चरम । वह ही कहलाता स्थान परम
मिट जाए सारी ही भटकन । मंजिल असली जगाधीन मरम
सागर मे ज्यों नदिया मिलती । मिलकर बन जाती विश्रामी ॥3॥

नव जीवन ऊषा उठ आए । कानन के कुसुमवत् खिल जाए
ऐसी बहार का इच्छुक हूं । आने पर वापिस ना जाए
फिर चमत्कार उसको मानूं । मेरे ओ तुम अन्तर्यामी ॥4॥

मिल जाए तुम्हारी अगर मदद । निर्गुण की पार करूं सरहद
ना रोक सकेगी कोई रोक । खुशियां हो जाएगी अनहद
है सुधार यही उद्धार यही, बस इतना ही जीवन ज्ञानी ॥5॥

● ● ●

प्रभु [illegible], मार्ग बतादो । [illegible]
[illegible] तेरे पर [illegible] । [illegible] ॥ ध्रुव ॥

हाथ पकड़ कर राह पे लाना, भटक रहा था जंगल मे
अन्धे के पतवार नाव की जैसे बैठे ज्यों [illegible] मे
तुमसे [illegible] मुझे इन्सान । मानूं सभी को तुम्हें भगवान ॥1॥

लिए एक के कष्ट उठाए, उपकारी हो ऐसा कौन
सारी आफत अपने बल से करदी मानो पूरी मौन
मेरे लिए तो कृपा निधान। गाता हू तेरे गुणगान ॥2॥

गति ने सुन्दर प्रगति पाई, बढ पाया इतना आगे
सोए थे सौभाग्य अग सब, आलस तजकर वे जागे
बढता चलू न पाऊ थकान। लक्ष्य का मिलना हो आसान ॥3॥

जीभ एक है गुण अनेक है, कैसे सग गाऊ सारे
फिर भी इच्छा की सम्पूर्ति हित मिले आत्मिक इशारे
गा बन जाऊगा गुणवान। हो पाऊगा यो अम्लान ॥4॥

बहुत बहुत पाया है तुमसे, फिर भी तो उतनी ही प्यास
जाओ पिलाते, पीता जाऊ, क्रम चलता रहे ऐसा खास,
भरदो मुझ मे मधु मुस्कान। जरा न छू पाए अभिमान ॥5॥

चाबी दे दो इक आला। रहस्य का खोलू ताला
विद्या बुद्धि चिन्तन पाऊ बन जाऊं फिर मतवाला ॥ स्था ॥

मदिर का है द्वार बताया मनमोहक सि ार बजाया
स्वस्थ बनाया मस्त बताया, पाकर अमृत रस प्याला ॥1॥
प्रमाद का करते हो खात्मा। स्फूर्ति देते हो परमात्मा
बढता जाऊ मजिल पाऊ, मिले सदा सुख की शाला ॥2॥
अमर रहे तेरा वरदान, रहूं मानता नित अहसान
कृति मैं तेरी स्मृति भी तेरी, तू ही मेरा रखवाला ॥3॥
स्वामी सेवक का नाता। मेरा तो बढता जाता
तेरी तो तुम ही जानोगे, मैं फेरूं तेरी माला ॥4॥
शब्द कहा ऐसे पाऊं। उपमित कर-कर गुण गाऊं
भावो की ही भेंट मानलो, दिल मे जिनको है आला ॥5॥

तेरी शुभदृष्टि से सारा काम बने आसान
सही सलामत जल्दी पहुँचू परम लक्ष्य सुस्थान-
सारी अपने आप शात हो इर्ष्यालु की डाह ॥ 4 ॥

एक नया अध्याय जुडेगा मेरे इस जीवन मे
वर्तमान से भविष्य स्पर्धा करे उन्नयन मे
बनू समर्थ पाकर तेरी शुभदृष्टि—रुपी—निगाह ॥ 3 ॥

❀

याद जिन्हे करना हो उन्हें नित याद करो
सुमरो अपने सहायक को मत विसरो ॥ स्था. ॥

ऊची ऊची उडान भरनी, अजान पहचानो
स्मृति ताजगी दाता उसको सहर्ष सम्मानो
विना पराजित किए किसी को, विजय वरो ॥ 1 ॥

पूर्ण भरोसा होता जिनका, उन्हे भुलाए कैसे
प्राप्त हुआ होगा भी बहुतो, तृष्णा अपार जैसे
अभयावस्था मिले स्वत ही यदि न डरो ॥ 2 ॥

बुरा मार्ग दूर रह जाए मुझसे बिना हटाए
आफत का तोफान बद हो, वरसे विना घटाए
राजमार्ग पाया मन ! उस पर ही बिचरो ॥ 3 ॥

सबल जिनसे है पाया गया, उनका ही अहसान
वन जाना होता ऐसे ही सच्चा इक इन्सान
ऐसा श्रेष्ठ दे चिन्तन दिल मे जोश भरो ॥ 4 ॥

सही समय की बात कदापि इसको नही भूलो
थोडा मात्र प्राप्त कर उस से अधिक नहीं फूलो
स्थायित्व ऐसा ही पाकर भवसिंधु तरो ॥ 5 ॥

जीवन की अनमोल घटी वह, जिसमें आती तेरी याद
जगत मंगलमय होता, निर्जन बन ज्यों हो चुका आबाद ।।ध्रु।।

मानूं तेरा नित्य पूर्ण उपकार, क्योंकि मेरे लिए शुभफल के दातार
जीवन जिस पर बन पाया है तेरा दिया वही आल्हाद ।।1।।

मुझ पशु को नर बना दिया बिन देर। चाही मेरी रात दिवस ही खैर
बढ़ने में सहयोगी अपनेपन की यही सही बुनियाद ।।2।।

तुम तो हो ही सदा सर्वदा मेरे। इसीलिए हर्षित आश्रय में तेरे
संकट दूर मेरे हो पा जाऊं आत्मिक-सुख का आस्वाद ।।3।।

मंजिल शीघ्र प्राप्त हो दृढ़ विश्वास। एक अपूर्व नींव का शिलान्यास
करता जाऊं शिखरों ऊपर गुंजाता तेरा जयनाद ।।4।।

मनमंदिर में भरो भावनी सुवास। मिट जाए लगी भवों 2 की प्यास
'स्वप्न सत्य हुआ' सुनलूं तेरे द्वारा ऐसा शुभ संवाद ।।5।।

***

पद भी लाठी शरण तेरे, है तेरा उपदेश
विस्मृत न होना स्मृति पट से अरजी चरणों में पेश ।।
जीवन सफल किया अपना, अन्यों को सफल बनाया
मेरे दिल में सुवास पाने दिल तेरे में क्यों आया
कारण बना सुधार मेरे का, तर्क नहीं अवशेष ।।1।।
अन्य जनों के भी तो तुम बन सकते थे उपकारी
पर मेरी स्थिति कैसी रहती संशय उठता भारी
जग में राह दिखाने मुझको, आए बन राकेश ।।2।।
आशीष न नहीं भूल सकूंगा तेरे वे वरदान
समय समय पर दी शिक्षा जो भरने मुझमें ज्ञान
इस तरह से तो तुम ही तो मेरे सर्वेश ।।3।।

कैसे भूल सकू फिर तुमको अति ही तुम से पाया
नया नया चिन्तन दे नया प्रकाश जो दिखलाया
गूज रहा आज भी मेरे सुधार हित आदेश ॥4॥
करी कृपा तो पडे निभानी, दृढ बन गया विश्वास
मेरी जीभ नाम तेरे का अटल रहे सहवास
जागे सोए मे भी ऐसा मनाता आया विशेष ॥5॥

मस्तक को मधुवन करने । सब-मे नव चिन्तन भरने
आया एक हकीम । शक्तिपुञ्ज असीम ॥ स्था ॥

कूडे में ऊगे पौधे-को, निज बगिया मे लाए
उचित खाद दे सीच सीच जल मुरझे को विकसाए
अंकुर नए नए फूटे निकले नए-नए बूटे । सच्चा बन गया ड्रीम ॥
तोफानो मे गिरते पडते उड़ते को दी ताकत
बना रहा यो स्थान स्वयम् का, पर कुछ भी ना लागत
अडचन दूर दूर भागी/कैसे नहीं मैं सौभागी/सुन्दर अति स्कीम ॥2॥
कायर सायर के जैसा इक घड़ डाला है स्वामी
अदने की अर्चना है छोटी, मानो अन्तर्यामी
सागर सम्मुख एक बूद सम, अति रहते भी यतीम ॥3॥
कैसे भूला जाए ऐसा अनुपमित उपहार
मेरे लिए तो सभी तरह से बन गए तुम थे उदार
चाकर बनना भी अच्छा हो, उनका हू बना मैं मुनीम ॥4॥
खोज खबर मेरी ली है, लेते भी रहना मालिक
चरणो मे रखता हू छोटी, यही प्रार्थना तो इक
मेरे दिल मे जपने तुम्हे चले योजना जो काय—भीम ॥5॥

ना भूलू उपकार आपरो । ओही साक्षात्कार आपरो ॥

जीवन खोटी कर कर मुझने केई हरावण आया
उलझण री दे चकाचौंध म्हारी चढी गिरावण आया
कृपा आपरी म्हारे सर पर ज्यां काया सह छाया
म्हारे वणी सहायक बांरे खातर वणगी माया ।
आछो ओ चमत्कार आपरो ॥1॥

लारै लाग्या खोजी केई गळत्या म्हारी ढूंढे
आधा आप वण्या खुद पड़ग्या दरडे मांही ऊंडे
मारग मिलग्यो ज्योति मुझने दे दी थारे इशारे
भटकण वचगी नावा ने तट आछे पार उतारे
जमा दियो संस्कार आपरो ॥2॥

सदा रही करता रहज्यो थे म्हारे पर रखवाळी
दूरी टळजा आवण वाळी आधी पीळी काळी
दुर्लभ प्राप्ति ने चट पालूं, लागे जरा न देरी
कट जावे जल्दी मू जल्दी चौरासी री फेरी
जाप सुफल दातार आपरो ॥3॥

हक्का बक्का सा रह जावे म्हारा सै दुश्चिन्तक
थारी चमक थारे पर ही वण जावे है कंटक
दिन में वेगी सहायता करणे री थारे जचजा
झूठो छफड़ा नहीं टिके साची सारी हो सचजा
ओही भलो पुरस्कार आपरो ॥4॥

धणी चौनणी अब चोटे मैं बयाने पडेला फेर
जल्दी मू जल्दी पामू मंजिल लागे ना देर
सुन्दर आ है थारी हथोटी कर दीज्यो उद्धार
आशा होगी दीसे है भवसागर सूं पार
म्हैं पर दिल है उदार आपरो ॥5॥

डूगरी पर चढ हेलो मार्यो बटाऊ ! सावधान
खोड मे रूळते ने उबार्यो, पलट दियो ध्यान ॥ स्था ॥
म्हे भटकोकड रुंधो रुळणो, जन्म अनन्ता बीत्या
अण चीत्या हो जाणे पर भी मान लिया सै चीत्या
अचानक आयो इक सजोग । बूथ मे जान भरण रो जोग
हुवो वो ही तो है वरदान ॥1॥
म्हे आळसियो नीद है वैरण, सुध-सुध सारी खोई
रात अमावस काळी पीळी, दीखे बस्तु न कोई
अचानक चमका दीनी बिजळी, पगडडी जद मिलगी उजळी
राज मारग सू हुवो मिलाण ॥2॥
पाणी रो अति वेग वढे, आ रही, नदी बरसाती
पजा सू गोडा कमरा तक, चट डूबेला छाती
वेग सू दौड्यो दौड्यो वढजा, शिखर पर ऊचो ऊचो चढजा
डूवणो छूटे हुवे उत्थान ॥3॥
आंधी उठी जोर सू दीखे नही हाथ ने हाथ
मारग नही छोडणो साहस ने राखीजे साथ
साफ होजासी थोडी देर । वणी रै जासी थारी खैर
पहूंच जासी सुनिश्चित स्थान ॥4॥
कृपा प्रभु री साथे चाले, आगे-पाछे थारे
वाही मार्ग बतावे भटकणसू भी वाही उबारे
भरोसो राखेजो है पूरो । वीरो काम न रेवे अधूरो
सुफल भक्ति रो ले तू मान ॥5॥

याद रा स्वाम पधारो, सज जासी म्हारो मन मन्दिर
सेवक म्हे श्रीचरणारो, चमकण लागेला जगमग दिल अन्दर
थारो वो वरदान आज तक बढतो रयो सवायो
थोडी सी जबान री भक्ति दे म्हे वीने पायो
एक अजब सी बात बणी मन म्हारे मे म्हें सोचू
अगर चूकतो गमांवतो आयोडो बो शुभ अवसर ॥1॥
दुर्लभ सुलभ काम हुवो म्हारो, राजपथ पर चढग्यो
साहस पा थांसू जीवन–यात्रा पर आगे बढग्यो
मस्ताई रा पग आगे आगे ही घगतो चालू
पूरो है विश्वास जम्यो शुभ निजरा थारी म्हेंपर ॥2॥
याद करूं ओडी वेळा मे, करतो खुशी मे रहस्यू
जोश होश पाकर थारेस्यू समता रख सब सहस्यू
वो दिन वेगो नेडो आसी, फळसी म्हारी आशा
वण ऋजु भवसागर सू जासू बाधा उलंघ ने तर ॥3॥
सद्बुद्धि कुछ दे दो मुझने सोचण बोलण खातर
ठगण अनेकां उचके मुझ पर जाण ज्या भोळो टाबर
'आवे लेवण पड देवणी', मन री मन मे रहजा
दीज्यो मिटा हो जो भी म्हारी सगळी खोड कसर ॥4॥
वडो थारो उपगार कदेई नही भूलणे लायक
एक जनम मां ही के अनेक जन्म जन्मातर तक
अन्तरदिल री सहज वात आ, नही पळेथण कोई
म्हारा तो पुजनीक आप हो ज्या होवे परमेश्वर ॥5॥

ग्रहसान ग्रापरो म्हारे पर । वरदान ग्रापरो म्हारे सर
मिनखां री गिणती में ग्राऊं, पहला हो कोरो ज्यां डागर ॥

देणो ग्रधिको लेणो कमती, भक्ति छोटी वत्सलता ग्रति
ज्यां देवतरु चिंतामणि होवे, मांग्या पहला तृप्त देवो कर ॥1॥
म्हें तो साधारण हो प्राणी । स्थिति यूं होसी ग्रा ना जाणी
भरदी हुशियारी मूरख में, पशु हो वणग्यो ग्रब तो म्हे नर ॥2॥
कद ग्रांतो प्रश्नां रो उत्तर । गिणीजतो भोळो ज्यां टाबर
थारे वगस्योडी बुद्धि पा, जाणूं ला रहस्य ग्रात्मिक हर ॥3॥
सब देण ग्रापरी ही मानूं । ग्राछो माडो कुछ पहचाणूं
ग्रो बडो सहारो ही मिलग्यो, वढतो-चढतो जाऊं तर तर ॥4॥
इण खातर थांरो ग्राभारी । वणग्या म्हारा थे उपकारी
मलण सिरपी ग्रा वात नही, वदूं थाने ग्रो परमेश्वर ॥4॥

● ● ●

ना वर्दई जाणी, ज्यां फळसी वरदान ।
म्हें वण ग्रासू गाचो एक इन्सान ॥ स्थ ॥

सेवा वजा सक्यो न ग्रापरी, चूक गयो संजोग
'होमी ह्या' जाणतो करतो वेल्या रो सदुपयोग
सेवा ग्रधिक सूं सुफल घणेरो पाणो हो ग्रासान ॥1॥
थारे बळसूं साहस ग्रडग्यो, टाटण जाळ जजाळ
पोलण में डरतो म्हें नागी, ग्राज वण्यो वाचाळ
सागिए पजाण म्हारे मे यां भरदी नवजान ॥2॥
भार नरणां मे श्रद्धा रा पन्द-पुष्प रख दीना
मानी है हो वणग्या म्हारे दुर्लभ-गुणी नगीना
करजो रै गू ग्राले ग्रागे, मान थारो ग्रहसान ॥3॥

दया आपरी सू पाजासू चिर प्रतीक्षित मंजिल
ज्योति ज्योति संग मिल जासी जा आपस मे हिलमिल
देखण रो अवसर मिल जासी ज्योतिस्वरुप स्थान ॥4॥
भव भव मे रूळणो मिट जासी, टळसी सारो चक्कर
कर्मा रा बंधन कटसी ज्यांरो परिणाम भयंकर
मिल जासी अपार सुखां री सदा टिकाऊ खाण ॥5॥

● ● ●

म्हारे मन मन्दिर रा देव म्हारी बिनती सुणो
भोळो टाबर जाण निभाइज्यो माइतपणो ॥ स्था ॥
थारोइ परताप ओ भिन भिन गिणाऊ भलाइ लो गिण
खुशी खुशी सू गुजरे निशदिन, कोई कष्ट दिया बिन
दियो आपरो थोक आछो, बुरो म्हारो भाग ऊणो ॥1॥
बाधा मे भी आगे बढणो ही म्हारी नही औकात
साझ विना आ कठे पडी है पूरी मिलणी बात
एक गुणो होणो कठिन काम बण्यो अनेका गुणो ॥2॥
नालायक वण कदेय न भूलू थांरो कियो उपकार
जीभ कई पातो तौभी गुण गाता न थकतो लिगार
सरल हुयो आगे वढणो, ज्योति खुद आप बणो ॥3॥
वडी सुखद आ यात्रा म्हारी, केवण री नही बात
'प्रमाण कायरो प्रत्यक्ष ने है' दीख रही साक्षात्
जोभी दियो था साझ म्हारे तो बो वढग्यो घणो घणो ॥4॥
नरभव रो लाह्वो ले लेसू पा थारो सहयोग
कायर कमजोर म्हारे जिसे रे भी वण्यो शुभ संजोग
चेष्टा करू मानव वणण आधार ले आप तणो ॥5॥

सेवा करणे रो अवसर जीवन मे बिरला पावे
सद्गुण रा सय्यातर बण वे जीवन ने चमकावे
सदासुखी ज्या मुळकावे, सबसू बढ लाभ महान् ॥4॥
आळस करणो ही गमावणो, सीधी सी आ बात
पर्ण आगे घरसी वीरे खातर ही स्वर्ण प्रभात
आगे गया राजपथ पर बांरा ले खोज निशाण ॥5॥

❦

चाद ने लहर बुलावे ओ
मन ऊमायो उछळे ऊचो, सुध भुलावे ओ ॥ स्थ। ॥

धरती पर जळ तिणमे लहर, बसे नभ मे शशि दूर
आशा अमर सखी है साथे, होसी मिलण जरूर
इन्तजार रो मिसरी मेवो, निशदिन, खावे ओ ॥1॥
पा सदेशो किरणा द्वारा, चचळता न समाय
होणी अणहोणी मिलणे सू, चमकण लागी काय
मानो भोळी लहर ने दिन रो सपनो आवे ओ ॥2॥
आकर्षण शक्ति दोन्या री, है आपस रो ताण
एक दूसरे मे भर देवे, अणचीत्यो हो प्राण
दोन्या री इण स्थिति ने सारी दुनिया सरावे ओ ॥3॥
चाद लहर रो दिल ना जाणे तारा सग रीझायो
फिरे रात दिन वारे सागे, अब तक नही थकायो
लहर बापडी इन्तजार करे, सिणगार सजावे ओ ॥4॥
लहर आज तक समझे चाद नभ मे घूमे सह तारा
कुण दोन्या रे बीच मे पड करे बारा निपटारा
मै स्वारथ रा सीरी सारी दुनिया बतावे ओ ॥5॥

जीवन की अस्थिरता

जाने वाले को कहता मेरा ? । नही किसी का हुवा बने कैसे तेरा ।।स्था

'अमर नाम शुभ कार्य करे से', यदि ऐसा जाने
बुरा काम करने से डरना, 'मृत्यु उसे माने'
बड़े बड़े अनुभवियो ने कही बात निजी अनुभव से
हो जाएगा आखिर तो मरघट मे डेरा ।।1।।

पाच तत्व तो नश्वर हैं, मिल जाते और बिखरते
इनसे छुटकारा पाने से ही लघु-गुरु सब तरते
पाय रहे उनका जब तक तब तक होता भटकाव
चौरासी का पाहुन, चोरासी मे फेरा ।।2।।

विवेक से इसको जानो व करो जरा सा गौर
पहले जाना अन्य प्रकार पर दीख रहा अब और
सम्यग्ज्ञान-दृष्टि से सोचो, धोखा नही खावोगे
मिट जाए अज्ञान का गहरा पड़ा जो घेरा ।।3।।

आना जाना सब कहते पर कौन करे तैयारी
'मरने वाला और' कहे जब, अपनी होती पारी
'बड़ी अजब सी बात' टानना चाहे होनहार पर
साधारण जाने उसको ज्यो ऐरा गैरा ।।4।।

[illegible] मे जो नाम गौन को जीवन सी [illegible]
'[illegible] से होता यो आया', अटल सत्य इसे मानो
[illegible] से मिलना हो जैसे, बड़ी खुशी से [illegible]
[illegible] मानो प्रति दुर्लभ [illegible] सवेरा ।।5।।

दिन रात सीख देते, सबको यहां से जाना है
बाद एक के एक ज्यो होते गए रवाना है ॥ स्था ॥

यह ससार बड़ा पेचीदा, लगता है पर सादा-सीधा
पार न हरेक पाया इसका, पाया वह मस्ताना है ॥1॥
आने वाला जाता है चला । स्वागत विदा रही है बतला
हर्ष-शोक दुख-सुख भी वैसे ठीक ज्यो मयखाना है ॥2॥
ना खोएगा वह पाएगा । खोएगा वह पछताएगा
नही आज का, सदा सदा का, सही सिद्धान्त सुहाना है ॥3॥
आनन्द सारो के मन भाता, जग उसे पाने है ललचाता
अदर को अदर मे ढू ढले, मिले अपूर्व खजाना है ॥4॥
ढील करन मे रहना घाटा, पतग हो जाए व काटा
डोर सभाले कर मे रखता, वही तो मन मर्दाना है ॥5॥

● ● ●

जो खेले जीवन पर वह कुछ कर गुजरता है
कुर्बानी का जोश वही पावे अमरता है ॥ स्था ॥
दृष्टि डालो इतिहास पर, जानोगे ऐसे ही हुआ है
भार वहन कर सके शोभता, उसके ही कधो पे जुआ है
सहनशील ही प्रगति करता, डरना पामरता है ॥1॥
हो भौंचक्का समरागण मे, छल व कपट का अनुगामी
वलिदानी ही विजय मुकुट का हो सकता सच्चा स्वामी
पद चूमे उसके मजिल शुभ नाम पसरता है ॥2॥
जीवन की गाडी मृत्यु तक धीरे से पहुँचाएगी
जीत हार दो द्वार सामने, वध पडे खुलवा देगी
मिले प्रमाण पत्र वीरता अथवा कयरता है ॥3॥

मिलन बिछुडने का सदेश लिए है आता
रोना पड़ता क्योकि खुशी मे था जो गाता ॥ स्था ॥

नियति का वरदान न कोई इससे वचित
जोभी जन्मे, मृत्यु उसकी होती निश्चित
इस नियम मे नही हुवा परिवर्तन किंचित
वर्तमान, भावी–अतीत मे सहज समाता ॥1॥

रहता है सयोग वही पर वियोग रहता
मन्सूबो का बनता महल, कभी वह ढहता
आगे–पीछे आया दुख–सुख जग है सहता
खेल–रचयिता–कर्म, असल मे वही विधाता ॥2॥

स्वागत जिसका होता उसको मिले विदाई
एक नदी के दोनो तटबधो की नाई
आने के सग जाने का पैगाम है भाई !
'सबसे अच्छा' अगर रख सके समपन नाता ॥3॥

चले जन्मने के सग मे ही मौत दौड़ती
किसकी मजाल उसके बढते चरण मोडती
चाहे कुछ भी करो नियम न अपने छोडती
खुशी खुशी करे आलिगन वह जीत भी जाता ॥4॥

'मरना तो निश्चय ही' इसको क्यो हो भूले
फिर क्यो माने बैठे हो उसे चुभती शूलें
समता का अधिकारी ही आनन्द में झूले
चलकर साथ चरम लक्ष्य तक भी पहुँचाता ॥5॥

विस्मृत हो जाए निश्चित । इस पर होंगे सब विस्मित
पर सुना तो है ऐसे । झुठलाया जाए कैसे ?

पल पल बीता जाता है यह मानव का जीवन
श्रम द्वारा अर्जित अनुभव ने पाया है चिन्तन
त्रुटियों पर पड़े दण्ड भुगतना, कैसे जाए विसरा
नहीं आज तक आया इसमें अन्तर कभी कथंचित ॥1॥

मौत अवश्यम्भावी है इस बात को कभी न भूलो
मजबूरी से भी ऐसा हो, खुशी से क्यों न कबूलो
पाया गया न कोई आज तक इसका अचूक निशान
कोई होनी कहे कोई अनहोनी कह हो आश्चर्यान्वित ॥2॥

अनेक जीवन प्राप्त किए हैं इस जीवन के आगे
लिप्त रहा किन कामों में व कौन कौनसे त्यागे
इन पर गौर करोगे यदि तो रहस्य पा जावोगे
जिसे प्राप्तकर नए प्रकार से, हो जावोगे पुलकित ॥3॥

जन्मने के साथ मृत्यु का मिलता है परवाना
कोई अमर न बना आज तक, दाने से भी दाना
आवश्यक कार्यों को पूरा जल्दी से कर लोगे
इस मरन का समय है निश्चित पहले से ही अंकित ॥4॥

नहीं याद रख पाएगा इसे तो धोखा खा जाएगा
याद रहा तो जीवन का संगीत हो खुश गाएगा
'[illegible] सत्य' इसी का सबको रखना होता ध्यान
विवेक व सद्ज्ञान यही, शुभयोगों से हो संचित ॥5॥

छोडे जा रही वुलवुल चमन को । तोडे जा रही अपनेपन को ।। स्था ।।
बहुत दिनो का साथ था सुन्दर । छोड दिया मिटो के अन्दर
कैसे तुम बिन साज सजेगा । मरुघर बना रही मधुवन को ।।1।।
जाना कैसा बहुत जरूरी ? तरसनहार की सुन मजबूरी
ध्यान जरा दो इस हालत पर । माटी बना रहो जीवन को ।।2।।
साथ नही था छूटने वाला । आज वही है छूटने वाला
भूला–भूला सा था अब तक । माना 'सदा रहे सावन' को ।।3।।
मिलना बिछुडन आज हो रहा । घाटा यह लग रहा है महा
पता नही फिर जाना हो कहा ? सूना करती इस कानन को ।।4।।
चमन निहोरा करता बुलबुल मतजा री ! गा गीत जी खुल
ध्यान तरस पर तनिक लगातो । कष्ट जरा दो चितन मनन को ।।5।।

नया सवेरा नया काम, साझ को फिर लेगे विश्राम
जीवन योही चले निरन्तर, पोथा बन जाए वृहत्तर
लेखक अनेक लिखते लिखते, पहुंच जाय परधाम ।।

कभी जन्म गधे का पाया । पीठ पर गठ्ठर था धरवाया
भार ढो जीवन भर वदले मे डडा वेकसूर भी खाया
केवल फटकार मिली है, खाना–सोना किया हराम ।।1।।
वन गया कभी था श्वान । घूमता फिरता रहा वेथकान
किया पहरा चौकस दिन रात, नही पाया फिर भी सम्मान
खा खा सुखे टुकडो को पूरा सूखा उसका चाम ।।2।।
वैल का जीवन भी था भारी । नही की स्वामी से गद्दारी
पक कीचड़ से करदी पार भार से अति वोझिल भी गाडी
जोता खेत तृणो को खाकर, क्या नही सेवा यह निष्काम ।।3।।

दो अवस्थाए बनी, उदय व अस्त । एक मे मस्त व एक मे त्रस्त ॥स्था.

सूरज उगता, उसका तेज प्रताप
तुरत भाग जाता जैसे, अधेरा रुपी पाप
वडी शान से चलता ही, रहता है आगे
उसका ही हो गया ज्यो केवल अभ्यस्त ॥ 1 ॥

अस्त पर करे न कोई उसके शुभ दर्शन
ज्यो ना कभी रहा, रहेगा उसका कोई शासन
ऊगेगा या नही कलके लिए हुवा संशय
मानो जग परम्परा इससे है आश्वस्त ॥ 2 ॥

सम्मान लिए है इक, एक मे अपमान
स्वत होवे अभिशाप, या बने वरदान
जैसा करे प्राप्त वैसा ही हो जाए फल
इसी प्रकार सोचते नर नारी समस्त ॥ 3 ॥

ऐसे ही मानव की मौत जनम बने
वात न कोइ मौत की, मौत से पूर्व सुने
मसान ले जाने की मरते ही बारी
अपनेपन के लगाव को, कर देते निरस्त ॥ 4 ॥

परन्तु दशाए दोनो, अवश्य वनी रहती
हर्ष, शोक दुनिया मन से, वेमन से भी सहती
ध्यान न देता कोइ, पर है सच्चाई
खुशी एक में है होती, एक मे होते सुस्त ॥ 5 ॥

जाना आना, आना जाना, इस जग की तो यही रीत है
नही जाना तो जान ले अब भी, अवसर मिला पुनीत रे ॥
स्टेशन पर रे गाडी आती । वापिस एक तरफ छुट जाती
यही पूर्व निर्णीत रे ॥1॥

हाट बाजार मे जन बहुत आए । लेदे सारे निज घर सिधाए
अल्प समय की प्रीत रे ॥2॥

खेल खेलने आए खिलाडी । खेल खेलकर चढ गए गाडी
ले ले जीत फजीत रे ॥3॥

जन्म-मरण का आवागमन है । कही सूखा कही खिलता चमन है
रुदन कही कही गीत रे ॥4॥

धर्मशाला से जग नही कम है । आए गए का हर्ष न गम है
गरमी हो चाहे शीत रे ॥5॥

❖

जलता यह श्मशान बताए, यहां न कोई रहता स्थिर
सभी चले गए राह हमारी भी जाने की वही आखिर ॥स्था.॥

डेरा इसमे लम्बा डाल रहा है कुछ तो सोच अरे
लिए तुम्हारे श्रेय यही है, उडजा पछी चोच भरे
आगे काम आयगा निश्चय, करे वहा तेरी खातिर ॥ 1 ॥

भूल गया यदि इसी बात को, तेरा जाना हो खाली
सम्बल विना पडे पछताना, कैसे होगी रखवाली
कौन तुम्हारा सहयोगी हो, एकबार सोचो तो फिर ॥ 2 ॥

समय अभी भी बचा हुआ है, करलो जो कुछ भी करना
क्यो ऐसा सोचे बैठे हो 'नही पडे मुझको मरना'
भार उतार शीघ्र हल्का हो, पाप चढाया क्यो है सिर ॥ 3 ॥

बड़े बड़े महारथी चले गए, उलट-फेर मे था विश्वास
नाम निशान बचा भी या नही चाहो तो देखो इतिहास
पड़ जाती है कहीं-2 तो, अति होशियारी मे किरकिर ॥ 4 ॥
आज तुम्हारा यदि अच्छा है, इसे श्रेष्ठतर मानो बात
कल सुधारने का अवसर है, उसमें हो सकते निष्णात
यही सफलता कहलाए 'हो करनी कभी न मूक बधिर' ॥ 5 ॥

आए थे वे चले भी गए, दुनिया की यह ही रीत
आज एक का कल अन्यों का, तद्रूप या विपरीत ॥स्था॥

एक एक जीवन मे अनेक हो सकते अनुबन्ध
केवल वर्तमान का ही निभ सकता है सम्बन्ध
इसे मान लो स्व-वंश परवश अथवा हार या जीत ॥ 1 ॥

आना जाना ही कहलाता चौरासी का फेरा
कब कोई कौटुम्बिक जन कब कोई का रहे घेरा
कोई तो अविनीत भी होते, कोई बने विनीत ॥ 2 ॥

मान न करे आजपर उसका जरा नहीं बिगड़ेगा
करता जो अभिमान उसीका बसा जगत उजड़ेगा
सावधान रहने वाले को अवसर मिले पुनीत ॥ 3 ॥

दुनिया यह सराय इसमें आने मे निहित है जाना
रैन बसेरा अल्प समय का क्या अपनाना [illegible]
इसी बनी जैसी स्थिति समझो, तारा-स्वयम् प्रणीत ॥ 4 ॥

जीवन छोटा फिर भी बुराई बैर बांध क्यों मरते
श्रम न करते वो भी ज्यादा, करने मे क्यों मुकरते
यही सुगम [illegible] जो हो न कभी गमगीन ॥ 5 ॥

ताक लगाए खडा है कोई तुझ पर
सभल सभल रे आलस तज मत बैठ अधर ।।स्था.।।

निजी सुरक्षा खुद से करनी होती है
यही जागरुकता की सही फिरौती है
सोना–खोना आंख–भिगोना आ१ से
व्यर्थ न जाए इसीलिए कोई क्षणभर ।। 1 ।।

जो खो देगा, वापिस उसे न पाएगा
कर्म–काल तो अपना रग जमाएगा
खाली हाथो जाना ही अनिष्टकारक
यही हारना कहा जाय जीवन का समर ।। 2 ।।

विवेक की वदनामी यह सवसे वढ़कर
नही पढ़ी तो देख गौर से फिर पढकर
होश सभाल करो कल्याण स्वय द्वारा
यही सुहाना कहलाए जीवन का सफर ।। 3 ।।

साहस वाले अपना काम वना लेते
जीवत से वदले मे उत्तर हैं देते
'कर्म काटना''काल से निर्भय' एक ही वात
उसको ही मिलती सुमार्ग की सही डगर ।। 4 ।।

जो सभलेगा उसका ही सार्थक जीवन
वाट निहारे उसके लिए आनन्द-भवन
ज्योति नगर भी उसका नाम दूसरा है
भले उसे कहदे कोई आजाद–शहर ।। 5 ।।

भोर है स्वागत साझ विदाई । समझना होगा इसको भाई ॥
जीवन का यह क्रव चलता है । आवागमन साथ पलता है
रवि के उदय अस्त से शिक्षा, पाने दी है दुहाई ॥1॥
जन्मा तब जब कष्ट उठाए । 'परवाना' जाने का लाए
कब क्या हो ? अनिश्चित फिर भी, बांटो खूब बधाई ॥2॥
भोर नाम सूर्योदय जाना । अस्त साथ में लिए बहाना
जन्म-मृत्यु की प्रकार वैसी, इसलिए तुल्य बताई ॥3॥
धूप तेज है दोपहरी की । मस्त जवानी इसी चरी की
दोनो ही क्रम चल सकते है, विवेक और ढिटाई ॥4॥
वाद जवानी वृद्धापन है । तन से भी होती अनबन है
मौत निकट ज्यो सूरज डूबे, जाए चिता जलाई ॥5॥

● ● ●

इठलाती बल खाती जवानी, ज्यो बरसाती नदी का पानी
जल्दी जाय उतर रे । गर्व न इस पर कर रे ॥ स्था ॥
वचपन गया, रहे यह कैसे । हो गया है, होगा भी ऐसे
वडी पते की बात कही गई, रहस्यो की चाबी हो जैसे
हो सकता अपवाद परन्तु न मिले उसे अवसर रे ॥1॥
पानी आने से पहले ही, बाधी यदि जाएगी पाल
तभी सुरक्षित समझो यौवन–जल से सचित जीवन-ताल
पथराज से मिली डगर रे । चालू फिर रहे सफर रे ॥2॥
विवेक अनुभव सग रहे तब ही सुन्दर नर–जीवन
इसमे बना सको तो बने मन–उपवन नन्दन–कानन
पाजाए आनन्द घर रे । यह जीवन जाय सुधर रे ॥3॥
वाद जवानी वृद्धापन का तुरत आ रहा बढता दौर
सक्रिय शक्ति क्षीण बने, कर सकते गहराई से गौर
तन पर निकृष्ट असर रे । आलस, प्रमाद चढे सर रे ॥

कुदरत तैंने बदल दिया क्या अपना उशूल
सजा नही देती क्या उसको, जो करता रहे भूल ॥
'नारी' तेरी जात, उसी पर नर कर देता हमला
सदा सदा नही सजा रहेगा, उसका आनन्द-बगला
सबसे बुरी बात यों होना, पूरा नियम उल्लघन
भला तुम्हें चटादो उसको मुह, नाक से धूल ॥1॥
भला आदमी बना हुआ, छिपकर करता अन्याय
'अन्त भला नही कहलाता, तेरा ही दिया अध्याय
देर किए बिन करो किरकिरी, उनकी सारी मौज
सजा पूर्ण पाए वह छोड़े करना ऊलजलूल ॥2॥
नही देर अन्धेर नही है तेरे राज मे किंचित
'सुनते आए ऐसा' सब तुम से है हुवे पराजित
एक बार फिर दृश्य दिखादो, अगर हो सके जल्दी
धरे आदत, काम करे सुना, जो पडता प्रतिकूल ॥3॥
'भय बिन प्रीत नही' बदले यह कभी भी नही न्याय
पहले सोचे बहुत, नए अब खोजो और उपाय
गलती अपनी दोष प्रभु को देना सारे छोड़
करे न परिवर्तन अकाट्य सिद्धांत आमूलचूल ॥4॥
जीवन की दीवार हो ऊची, चोर न घुसने पाए
खुशी पुष्प उस घेरे मे विकसे न कभी कुम्हलाए
सद्गुण बढते जाएंगे दिन दूने रात चौगुने
सुरक्षित उनको रखने बनो ज्यो देवी की त्रिशूल ॥5॥

चलके देखो बढके देखो, आयगा पूरा मजा
नही भय हो जब भी चाहे आए, स्वागत है कजा
मित्रता दोनो मे हो तो सौदा चट पट जायगा ॥4॥
सहारा यदि मिल गया तो ज्योति को पाजाऊगा
आत्मा का साक्षात् कर आनन्द मे ही नहाऊगा
पूर्ण आजादी प्रमाण–पत्रक अमिट सट जायगा ॥5॥

मौत को सन्मानो मतिमान
पक्के पाहुनपन के लक्षण, इसमे है विद्यमान ॥ स्था ॥

जो इससे भय खाता, मरने से पहले वह मरता
अमर वही कहलाता जो मृत्यु से जरा न डरता
अपने द्वारा अपने पाना अभिशाप–वरदान ॥1॥
निश्चित जो होने वाला उसको कोइ कैसे रोके
अनेक बार हो चुका वैसे, तब इससे क्यो चौंके
नही नई ऐसी यह बात है जिससे कोई अनजान ॥2॥
अतिथि साधारण विशेष, सारे सम्मान के लायक
हीनभावना उनके प्रति ना, तो वे भी सुखदायक
बनी रह सके एक सदृश उनकी मधुरी मुस्कान ॥3॥
दे इसको सम्मान हृदय से, वह अपना सम्मान
बुरा–भला इसको कहना, यह अपना ही अपमान
चिन्तन–मनन करे इस पर, मिल जाए तत्त्व महान् ॥4॥
एक बार आवे जीवन मे कैसे वह साधारण
नहीं दोप दो उसे जरा भी, दो तो हो बेकारण
अपनी अपने पास आ सके, बात साफ–आसान ॥5॥

भय करता वह भी मरता, नही करता वह भी मरता
जाने ऐसा फिर भी तो मृत्यु से रहता डरता
साहस अपनाले भय तज, तेरा सफल तभी उद्यम रे ॥4॥
जीवन ऊचाई छूता वह सदा रहे सावधान
प्रतिक्षण सार्थक उसका हो, यो बनी रहे मुस्कान
अन्त समय मे समता रख पालेता धाम–परम रे ॥5॥

❀ ❀ ❀

धूमधाम से आया है तू धूमधाम से जा
रोया है आता आता पर जाता जाता गा ॥ स्था ॥
देख हुए खुश तुम जब आए, अपने और पराए लोग
पीछे से सब याद करे जब जीने हित दे शुभ सहयोग
वैसा कलापूर्ण जीवन जी, सबके दिल पर छा ॥1॥
जीवन उसका क्या सार्थक जो बना सके न स्वय इतिहास
जीवन उसका बना निरर्थक, जो खोदे सबका विश्वास
लाया था यहाँ ढेर जा लेता, सग अनने मे अपार सा ॥2॥
काम तुम्हारे सहयोगी ज्यो ऊचा चढने मे सोपान
कष्ट सहन करने मे सबहित, बन जाएगे वे वरदान
दे यो सब आशीष तुम्हे 'हसते हसते सद्‌गति को पा' ॥3॥
मगल यही मनाते दिन दूने बढते रहें शुभ परिणाम
जीवन चमक जाय ज्योति सा, स्वीकारो सेवा निष्काम
अत ममय मे 'खुशी खुशी जाना है' स्वप्न सजोया था ॥4॥
जन्म भला बन सकता है पर मृत्यु सुन्दर दुस्सम्भव
आगे की अच्छी गति का इस अपूर्व अवसर पर उद्‌भव
लक्ष्य शीघ्रता से मिलता साहस वाले के सम्मुख आ ॥5॥

जन्मना है काम लगना परिसमाप्ति मौत
लोग जानें बाद मे। नाली, नदी या श्रोत
मौत मुह से बोलती, "यह तुच्छ अथवा महान्" ॥4॥
जिन्दगी हीरा बने या राह का पत्थर
मूल्य हो अनमोल या पैरो की खां ठोकर
विगडने वनने का खुद ने जुटाया सामान ॥5॥

❀ ❀ ❀

उमरिया जल्दी बीत रही है, करले जो कुछ भी करना
निश्चित है यह जो जन्मा है, पड जाएगा उसे मरना' ॥ स्था ॥

बचपन खेलकूद मे बीता। रह गया सोता–खाता–पीता
पता नही हारा या जीता
याद कहा से आता तुमको, प्रभु का नाम सुमरना ॥1॥
आई जवानी भर गया जोश/खोया दीवाना हो होश
पाया फिर भी न आत्मतोष
अप्रतिबन्ध हवा की नाइ, रह गया तेरा विचरना ॥2॥
वाद मे पल्ले पड़ा बुढापा। तन ने खो दिया अपना आपा
श्रम अत्यल्प मे भी तन कांपा
महाप्रयाण बचा अब बाकी, लगा काल का घरना ॥3॥
काम शीघ्र आवश्यक करले। सद्करणी कर घट को भरले
'कुपथ गमन ज्यो सांप' से डरले।
वहुत आफतो से वच जाए, कभी न इसे विसरना ॥4॥
अनुभवियो की अनुभव-वाणी/मान सीख उनकी, सुन प्राणी
समता रख, आदत कल्याणी
उनके पद चिन्हो पर चलना ही फदे से उबरना ॥5॥

घट का स्वामी कोई न स्थाई । जैसी तन-चेतन ठकुराई ॥ स्था. ॥

घट के स्वामी हुवे अनेक तब तुम कैसे रह गए एक
रहे यह यही तुम्हें पट जाना, सोचो इसको जगा विवेक
चाहे कुछ भी करो 'हो ऐसो' इससे न चले अधिक चतुराई ॥ 1 ॥

जैसे तन–चेतन की यारी । झूठी दृष्टिगत जो सारी
जिस दिन तन का मोह छूटेगा, उस दिन राह मिलेगी प्यारी
स्थिति मिल जाए निश्चय ऐसी, जैसी आज तलक न पाई ॥ 2 ॥

दोनो का विछोह है निश्चित । इसमें शंका टिके न किंचित
यों होते बीता बहुकाल, सारा जग है इससे परिचित
फिर भी मोह न छूटे । क्यो हो? जागो, सोचो, समझो भाई ॥ 3 ॥

जिस दिन अपनापन तोडोगे । चकाचौंध से मन मोडोगे
उस दिन सारा जग हो तेरा, खुद से अपनापन जोडोगे
छोड़े से मिल जाए सब कुछ, यह इस जग की ही अधिकाई ॥ 4 ॥

नहीं जाने इसको सद्ज्ञानी । नही समझना हो नादानी
अब तक होता तो ऐसे ही, बहाव में बहता ज्यों पानी
अब विवेक एवम् सद्बुद्धि, काम मे ले लो बढे सवाई ॥ 5 ॥

● ● ●

क्षण-क्षण सदा छूट जाए । सपना सो समझाए ॥ स्था. ॥

सावधान प्रत्येक घड़ी रहो, व्यर्थ इसे ना खोना
तज प्रमाद रहो जागरूक, जीवन बन जाय सलोना
[illegible] अनुगामी, स्वर्णिम इतिहास सजाए ॥ 1 ॥

जन्मे वे जाय मृत्यु को, स्वीकृति अतीव जरूरी
सच्चे हृदय से इसे मानो, क्यों हो फिर मजबूरी
स्थाई न स्थिर रहने का यह 'अनादि परंपरा बताए' ॥ 2 ॥

'निश्चय होगा' इससे घबरा, पाल रहे क्यो गम को
अभिनिष्क्रमण अवश्यम्भावी, रोक सको ना दम को
रक्षक ग्रसा जाय भक्षक से, आ कोई न बचाए ॥ 3 ॥
छुटकारा पाना इससे यदि, कर्म काट बनो हलका
शीघ्रतया ऐसा करना, नही करो भरोसा कल का
सभाल वालो की साया मे, चले चल पाव बढाए ॥ 4 ॥
बच पावोगे भटकन से करो सत्पुरुषो को याद
करो अग्रगति निर्भय मस्त बन, साथ लिए आल्हाद
मजिल अवश्य पावो आशा यो विश्वास दिलाए ॥ 5 ॥

● ● ●

कल आरी प्रिये ! सम्मान तेरा । शाश्वत जो वरदान तेरा ॥ स्था. ॥
निश्चित तुम अनिश्चित है वह, ऐसी अनादि रीत
फिर कैसे नही तेरे प्रति जोडी जाएगी प्रीत
है सब पर इकसा विधान तेरा ॥ 1 ॥
छिटकाना अपमान जो होता सब जन ऐसा कहते
इन्तजार जहा हो वहा पर ही इक दिन जा रहते
हो भलेई श्मशान डेरा ॥ 2 ॥
जिससे हो अलगाव मेल भी माना जाए जेल
बढे निकटता जिसमे, जेल भी माना जाए मेल
क्यो हो फिर अपमान तेरा ॥ 3 ॥
होनी को अनहोनी माने, अनहोनी को होनी
कहलाता अज्ञान यही, खुद के सग आख मिचौनी
कही टूट न जाए तान तेरा ॥ 4 ॥
डेरा उठाऊ जिसका, उसको अपना मान लिया है
रहा नही विश्वास आजतक, उसका विश्वास किया है
'चितन उलटा' कहा ज्ञान तेरा ॥ 5 ॥

मरना तो है विजय को पाना। ऐसा बनना पडे दीवाना
देहली सफलता की ऊपर तब, चढने हित है पांव वढाना
मौसम मिल जाता मनमाना ॥3॥
शमा परवाने का हो मिलना। ज्योति ज्योति साथ हो खिलना
परमपद वह ही तो कहलाए, पहुँच पाए, कोई मुश्किल ना
मन-वीणा का यही तराना ॥4॥
सच्चा तो है वही परवाना । कष्ट आ पडे भलेई नाना
लक्ष्य को पा लेना हो संभव, अमर वनने हित यो मर जाना
यही तो मस्ताई का बाना ॥5॥

लपलपाता जीभ को वह काल । उसका रखना सदा खयाल
चट करने की आदत उसकी, जान रहा ससार
दया नही उसके दिल मे कुछ माने नही मनुहार
कभी दे फेक किसी पर जाल । कभी पहना देता जजाल ॥1॥
पूरा है चालाक दोष अन्यो के सर पर मढता
कारण विविध वताए उसने, नए नए फिर गढता
नींद सोने का नही सवाल । यही तो सबके लिए ववाल ॥2॥
वाइज्जत यदि रहना चाहो, तोड़ो उसके दांत
सराहनीय होगा सवके हित, तेरा वह वृत्तांत
यही तो खुद के लिए कमाल । हो होनी तुम पे अति दयाल ॥
साहस वाले से डरता वह, उसका वनता दास
जो उससे डरता उसका तो करता सत्यानाश
किसीको कर देता है निहाल । किसीको रखता सजा वहाल ॥
सुन्दर यह सिद्धांत अपूरव, महापुरुषो का कहना
माने इसे न उसके लिए क्या-माने रखे उलहना
करे निज से अपनी सभाल । ज्ञान--वर पा हो मालामाल ॥

इसीलिए सम्मान दो इसको, सदा रहो तैयार
होने वाला जो निश्चित, क्या उसका सोच विचार
डरने वाले पर वह भभके ॥ 3 ॥
जो नही डरे लिए उसके वह, बन जाती वरदान
देना वर्षो का मिटो मे, हो जाता भुगतान
उसकी सौरभ फूल सी गमके ॥ 4 ॥
अत समय की सावधानता, सचमुच बडे काम की
क्योकि वही तो नीव बने उस दुर्लभ मोक्षधाम की
अच्छा समय भजन करो जम के ॥ 5 ॥

●●

रहो जाने को सदा तैयार । देर की जरा नहीं दरकार ॥

वडी खुशी हो रहने मे तो जाने मे भी वैसी हो
छोड पुरानी वस्तु नई को पाले ने मे जैसी हो
जो भी स्थिति आए धीरज से करो उसका सत्कार ॥ 1 ॥
अतिथिवत् जो उसे मानता, मौत उसे भी सन्माने
अन्तरवीणा झकृत हो व रोम लगे सारे गाने
साहस वालो का ही ऐसा, बन सकता व्यवहार ॥ 2 ॥
मृत्यु से भयभीत जरा नही, वह आनन्दित हो वढना
आत्मोन्नति उसकी सुनिश्चित, शिखरो तक भी है चढना
आवागमन रूप घेरा दीखे होता ही पार ॥ 3 ॥
रहना जाना समान जिसके, कहलाने लायक वह वीर
उदाहरण वन सकता अवश्य, वाधाओ को सकता चीर
उसका ही शीघ्रातिशीघ्र होने को है उद्धार ॥ 4 ॥
आना जव जाना वनता तव जाना भी होता आना
पूर्वजन्म व पुनर्जन्म को प्राय. सवने ही माना
समभावो मे नित्य रहे से, जीवन पाए निखार ॥ 5 ॥

सवल लो सग, भार उतारो, जल्दी बढ पावोगे
जब सगीत बजेगा भीतर, आनन्द से गावोगे
उजला मधुर वनेगा जीवन, जरा न रहे कषैला ॥ 3 ॥
नही एक के लिए बात, सबका प्राय' यह हाल
इसे गौर से सोचे सद्गुण पा हो मालामाल
नाम इसीका अमृत मे यो अमृत जाए उडेला ॥ 4 ॥
कुछ क्षण जीवन के ऐसे ही, जो देते सकेत
भूले भटको को कर देते पूरे वे सावचेत
अभ्यन्तर आंखे खुलती, जाए न कभी धकेला ॥ 5 ॥

❀ ❀ ❀

लगन का पक्का है परवाना । विजय पा लेना या मर जाना ॥स्था॥

कीट साधारण की यह बात । इधर मानव प्राणी प्रख्यात
विवेकी होते हुवे प्रमादी, ज्यो तम आच्छादित परभात
वुद्धिदाता को पडता पाना । लज्जास्पद हो सकता ताना ॥1॥
कीट यह झपा खूब लगाता । दीप पर दौडा उडता जाता
दीप की वाती या बुझ जाती । या फिर जला उसे खा जाती
देखनेवाले कहते 'ना' 'ना' न कर यह काम बडा बचकाना ॥
शिक्षा इससे ही यो मिलती, लगन ऐसी जो दिल मे पलती
काम उसका होने मे न देर, सफलता आनन्दित हो निकलती
मानले इसे न कोई वहाना । होता ऐसा कोई मस्ताना ॥
जन्मने के सग मरना निश्चित । अतर इसमे नही कथचित
इससे डरना भी तो मरना, इसी होनी द्वारा आतकित
पता नही क्यो है वह दीवाना । देख हालत जग बने डराना ।
अगर साहस हो तेरा अपना । छूटे फिर तो झूठा सपना
महापुरुषो को स्मृति मे रक्खो, होता सद्बुद्धि का पनपना
यही आनन्द का श्रेष्ठ तराना । ज्ञान, ज्योति पा हो मुस्काना ।

कौडी ले चितामणी फेके, यह अति भारी भूल
परिस्थिति अनुकूल बनी, ना कर तेरे प्रतिकूल
भटकन मिटा राजपथ से दे मिलवा उपकारी ॥ 4 ॥
मत घवरा वाधा अडचन भी अगर राह को रोके
ऊचा चढने भली व्यवस्था करते समय टोके
धीरज, सरलपना सग हो निश्चय सद्गति तुम्हारी ॥ 5 ॥

सिकन्दर ! फिर भी कर तेरे खाली
एक दिवस शक्ति इनकी थी अतुलनीय निराली ॥स्था.॥
शोभित थी तलवार जहां पर। आती म्यान से जव थी वाहर
उन हाथो मे थमे न तिनका, हिलना-डुलना रहा वध होकर
विना खून की लगे साफ ज्यो, कहा छिप गई लाली ॥1॥
आज्ञा जिन हाथो से मिलती, वरद वने दिल-कलिया खिलती
जरा इशारा सा होते ही, वडी वडी चट्टाने हिलती
पडी हुई वे आज देख लो, ज्यो टूटी हुई डाली ॥2॥
चक्री–अर्द्ध चक्री भी हो गए। धरती व सागर मे खो गए
इतिहास मे निशान उनके, जैसे भी कर्मो को वो गए
केवल कागज के पन्नो पर सारे प्रतिभाशाली ॥3॥
कर थामे किननी के कर से। देख आज कापे वे डर से
भयावना सा दृश्य लग रहा, इकटक देख रहे भर नजर से
महान् की भी ऐसी हालत, फिर किसकी रखवाली ॥4॥
सोच इसे चेतो रे मानव ! कभी न हो आदत से दानव
ऐसी हालत होत सभी की, सच्ची समझो जरा न अभिनव
जलता हृदय दीप का सारे कह देते दीवाली ॥5॥

भला करे चाहे बुरा करे पावोगे खोजो जिसमे
उतना ही श्रम और समय लगता इसमे व उसमे
कोरी नही यह चीख रे ॥ 2 ॥

भला उदाहरण बनना चाहो, करलो खूब भलाई
निश्चय सहानुभूति पावोगे जग मे बिना बुलाई
याद बने तारीख रे ॥ 3 ॥

जीवन जीना कला हो उसमे, इक रहते भी अन्तर
इस पर गौर करे सोचेगा जिसका भी अभ्यन्तर
पाए सब बिन भीख रे ॥ 4 ॥

एक मौत साधारण होती, एक हो बहुत कीमती
समय समय पर कह गए ऐसा लाखो पुरुष धीमती
हो वह महान् सरीख रे ॥ 5 ॥

पाथेय सग कुछ ले लो तेरा सफर दूर का राही ।
सुस्ती को तिलाजलि दे दो तेरा सफर बने उत्साही ॥

भार अधिक चलने मे बाधक । बनजाना अडचन का वधक
कायर सा उर करेगा धकधक, इसलिए इसकी मनाही ॥1॥
निद्रा, आलस बहन व भाई । लगती आने बिना बुलाई
बहुत अश मे छिपी सचाई, देते है सारे गवाही ॥2॥
भवो भवो की भूख प्यास है । भौतिक सुख की प्रबल आश है
इस कारण बैठा उदास है, कैसे स्थिति जाए सराही ॥3॥
भोजन पानी खूब खुशी का, साथ रहै से भय न किसी का
जो दाता उपकार उसी का । यो हो जाती मनचाही ॥4॥
आगे काम आयगा निश्चय । तब क्यो ना होना हो निर्भय
प्राप्त सुफल मे पुलकित हो हृदय, मौज करो ज्यो शाही ॥5॥

नरजीवन की मिली निशानी । बनवालो इसकी लाशानी ।
बडी कठिनता से सम्प्राप्त जो, न अच्छी करनी नादानी
बनी कसौटी जहान । कैसे रहे अनजान ॥ 4 ॥

महापुरुषो की याद जमाले । जीवन अपने को चमकाले
यह हो तेरे वश की बात, गुण उनके तन्मय हो गाले
बनी रहे मुस्कान । श्रेष्ठ अनुसन्धान ॥ 5 ॥

❖

प्राणो की बाजी लगा सके तो बाजी मार जायगा
यदि खाया आलस चेतन तो बाजी हार जायगा ॥स्था ॥

जीना तो उतना ही है जितनी भी बच गई ऊमर
हार जीत दोनो सम्मुख, जावो जो चाहो लेकर
जीता आमूलचूल जीवन को सुधार जायगा ॥ 1 ॥

गलती से यदि हार को चाहो बिना मौत सा मरना
एक कदम आगे न चले कि आलस दे दे धरना
जैसा चाहोगे वैसा ही हो सस्कार जायगा ॥ 2 ॥

सदुपयोग समय का होगा यदि भजले प्रभु नाम
सफल सभी हो जाए चाहो जो भी करना काम
गति अवरोधक पाप कर्म का हो सहार जायगा ॥ 3 ॥

बिना लाभ का काम न अच्छा, पू जी मूल की टूटे
असावधानी अगर जग की, चोर लूटेरा लूटे
गिना जा रहा अजीव जो वह ललकार जायगा ॥ 4 ॥

अगर खून मे जोश तेरे तो, बनकर रहना वीर
करो कार्य शीघ्रातिशीघ्र जब तक है स्वस्थ शरीर
सभी किया तेरा बाद मौन के हो चमत्कार जायगा ॥ 5 ॥

बदले रुख वायु अभी इधर कभी किधर की चले
फूलो की सुवास लाती कही बदबू नाक मले
त्योंही आ रहा श्वास अन्य स्थान हित मुड जाए ॥ 4 ॥

अति श्रम करते भी चिरस्थाई रहने का नही काम
इसमे फेर नही पडने का, 'जाना हो परधाम'
प्रयास सारा विफल ज्यो हो गोबर-गुड़ जाए ॥ 5 ॥

❀ ❀ ❀

परवाने ! शमा जल रही । मत जा रे ले मान कही
जल जाएगा तेरा मकान । उठ जाएगा नाम निशान ॥

बहुतेरे मर गए आजतक, जिनकी नही गिनती पूरी
शिक्षा इसमे यह ही मिलती, आवश्यक रखनी दूरी
दीवानापन ही जल मरना, पाना ना कुछ खोना जान ॥ 1 ॥

जल मरना अच्छा ना कहाए, छोडदे ऐसी तू हरकत
पागलपन से जरा न कमती, कैसे बच पाए अस्मत
गौर करन लायक यह बात । न करना बनना नादान ॥ 2 ॥

जायगी बुझ शमा तुरत ही, तेरे उस ऊपर गिरते
भगदड मचेगी महफिल मे, धक्का देते, लडते भिडते
अधियारे का राज बने वहा, अव्यवस्थित हो सामान ॥ 3 ॥

पराजय या विजय तेरी है, कौन उसे देखन वाला
तेरा ऐसे जल मर जाना, होता करना मुह काला
माटी मे मिल जाए तेरी, दिखा रहा जो झूठी शान ॥ 4 ॥

तुरत उसे देती बुझा अगर, उठी हवा तेरे पाखो की
पन कोई मारी बच जाती, उन दीवाने लाखो की
सब कह देते मुक्तकठ से, बुद्धिवान और गुणवान ॥ 5 ॥

भय मृत्यु का बहुत बुरा है। लटक शीश पर रहा छुरा है.
वचना उससे असभव सा, सभव को ले लिया चुरा है
छुटकारा होने का न इससे, देखं घूम जहान ॥4॥

साहस हो फक्कडपन धारो। मृत्यु भय से खुद को उबारो
फिर तो गुलाम हो जाएगी, चाहो तो उसको ललकारो
राजमार्ग के पथिक बनो यदि, कहलावो गुणवान ॥5॥

●●

साथी साथ निभाना।

मजिल की दूरी तै करनी, अटकन इसमे नाना ॥स्था॥

काल अनन्त व्यतीत होने पर, सुन्दर सुपथ मिला है
पौधा बसत पा हर्षित ज्यो, कली बन सुमन खिला है
सौरभ वायु साथ नाचती, मौसम हुवा सुहाना ॥ 1 ॥

ढीले अतर-वीणा के तारो को सहला कसना
स्वर, लय, ताल मिले से होता मानो उसका हसना
जीवन के हर सांस सास मे, निकले मधुर तराना ॥ 2 ॥

सम्मुख आए नव मजिल, पिछली योकर छुट जाए
पैर निरन्तर बढे ताल पर अग्रिम पक्ति पहुँचाए
ज्ञानानन्द, ज्योति, लक्ष्य शक्ति का हो निश्चय पाना ॥ 3 ॥

पावनता का चरम यही है यही सफलता पूरी
चेतनता सह चेतन मिलजा, रहे जरा ना दूरी
धन्य वही दिन हो जिसदिन मिले शमा साथ परवाना ॥ 4 ॥

नरजीवन का सार यही, मिट जाए यदि भटकाव
सर्वश्रेष्ठ सुखद हो अतिम लक्ष्य पे लगे पडाव
केवल इसीलिए यह सारा तन्मय होकर गाना ॥ 5 ॥

पछी उडने को तैयार

पाखो को फडफडा रहा फैलाने करे विचार ।।स्था.।।

कितनी भी मनुहार करे फिर भी जाए वह भाग

हुआ आजतक इसे न आगे जाने का वैराग

ये मौके से मौके से भी

निकल भागता, रहे देखता सदा का पहरेदार ।। 1 ।।

इस तरु पर विश्राम ले लिया लेना था जितना

एक अर्थ यह निकला इससे सस्कार इतना

सुख दुख जो भी मिले मिल गए

सब हैं जाने, नही किसी से कहने की दरकार ।। 2 ।।

आजादी चाहने वाला नही एक स्थान रहता

होनहार जैसी हो मन से वेमन भी सहता

आवागमन रूप बन्धन जब

टूट जायगे तब ही होगा इसका पूर्णोद्धार ।। 3 ।।

जन्म-मरण छूटा बहुतो का,ज्ञानीजन इसे जाने

ऐसा प्रयास की जाने वाली सद्क्रिया सम्माने

आत्मानन्द प्राप्त हो शाश्वत

चकाचौंध भौतिक न सताए, स्वत हो लाचार ।। 4 ।।

होनी कभी न रोकी जाए, होकर ही रहती

साहस से लो काम न हो भय, प्रभुवाणी कहती

बन परमार्थी ही जीतेगा

जीवन का सग्राम, यही पाना अपार का पार ।। 5 ।।

सदा साथ रहने वाले को, क्यो तू भूल गया है
इसे विसर जाने से ही खो तेरा मूल गया है
विलुप्त अगर प्राप्त हो जाए, सपना सच्चा फलता ॥2॥

ज्ञान-शक्ति है असीम अन्दर, अंतर आखें खोलो
अमृत रखने का वर्तन मन, उसमें विष मत घोलो
ज्योति पुञ्ज भीतर मे, वाहर छोटा दीपक जलना ॥3॥

खुद मे पावो सब कुछ यदि खोजोगे पाने खातिर
शीघ्र करो जो समय वीत जाता आएगा कब फिर
'ऐसा पावो जो न कभी खोवो' सोचे वह सभलता ॥4॥

चमत्कार मानव-जीवन का, प्राप्त हो गया यदि यह
वार वार जन्मना मरना छूटे, है जो भयानक
छोटी सी बुद्धि मेरी मे, निष्कर्ष यही निकला ॥5॥

❖

जन्म मरण दो तटो बीच, वहे जीवन नदिया

मौसम वहार खिजा बीच, वसी जीवन वगिया ॥स्था.॥

इस रहस्य को जान गया तो स्थिति-हो जाए जानी
विवेक को यदि साथ रखो तो वनती अमर कहानी
अपनालो चाहे जिसे उदासी, खुशी सजनिया ॥1॥

डर न अगर हो तो मरना भी जीने से कुछ कम नही
हुवा यदि वह मृत्यु ही है, उस जीने मे दम नही
पाई हुई छूट जाएगी सरल साफ डगरिया ॥2॥

पतझड मे भी खुश जो रहता, उसके लिए वसंत ही
विद्यमान सदानन्द वहा पर, दुख सारो का अंत ही
हो जाए व्यतीत खुशी लिए पूरी सारी उमरिया ॥3॥

सावधान जो सर्वदा रहता, गहरा मालामाल है
हल हो जाता सारा सोचा प्रत्येक दिली सवाल है
उसकी मैली गंदी न हो, रहे उजली सदा चदरिया ॥4॥

मजा जिन्दगी का यह ही भक्ति जीवन-रस जीने से
विनम्रता का गुण अपना लागे हो सा मन जीने से
करे अपूर्व आनन्दानुभूति, सुन तेरी भली खबरिया ॥5॥

मर कर भी वह हुआ अमर।
जिनकी याद मे अगणित करते दु:ख अगर
वक्त पे आता जो सबके काम। रटते वे उसका ही नाम
'उसकी आत्मा को शांति मिले' यो बोलें वे हर प्रात शाम
मुक्त कठ से बिना उजर ॥1॥
सेवा जिसकी है निष्काम। थके दुखी का वह विश्राम
याद युगो युगो तक ताजी, लगे उदाहरण जीवन का तमाम
कैसा अच्छा दिल पे असर ॥2॥
समय मृत्यु की है निश्चित। इसमें न अन्तर कथचित
भला बुरा मरने के बाद मे, जब स्थितिया जाए चर्चित
दिलो मे जैसे कर गए घर ॥3॥
काल सभी को देता दाव। व्यर्थ मूछ के लगावो ताव
चले औषधालय यदि खुद का, मिटे न फिर भी दिल का घाव
रखो न दवा लेने मे कसर ॥4॥
करना जो भी शीघ्र करो। घट विवेक सद्गणो से भरो
काल भागता भी यदि आए, चाहे जैसे भी प्राण हरो
चेतन चेत बुद्धि आगर ॥5॥

●●

पक्षी का रैन बसेरा सदृश ही है यह ससार
फिर डेरा लम्बा देने का किस लिए करो विचार ॥स्था.॥
यह जीवन है चन्द दिनो का, पड़े अन्त मे जाना
गुमान इसका करे भूल है, स्थिर इसको क्यों माना
चलाचली मेले का मुद्रित चलाचली इश्तहार ॥1॥
बड़े बड़े युद्धों को जीता, माना उसे प्रमोद
लम्बा आयुष्य भोग समा गए, मिली धरा की गोद
तन चेतन का साथ अल्प अब, चिन्तन योग्य विचार ॥2॥

कायर क्या पाएगा खुद, अन्यों को भी क्या देगा—
चुंधिया जाए चकाचौंध मे, प्रमाद मे उलझेगा
छुटकारा पाना दुस्सम्भव। अपनाया जो भ्रम है ॥5॥

❖

इस बिजली का कर न भरोसा, बुझ जाती जलती जलती
क्षण मे अंधेरा क्षण मे उजाला, निगलती और उगलती ॥स्था॥

करते हो प्रारम्भ काम कोइ, रात अंधेरी दुखदायी,
दीख जाय इसलिए जलाई बत्ती उलझन सुलझाई
बिजलीघर की कोइ खराबी, रह जाती और निकलती ॥1॥
वैसे इस जीवन का सौदा, मृत्यु से है जुडा हुआ
आज मना रहा खुशी दुःख मे चेहरा हो कभी उडा हुआ
कर्मरेख ऐसी ही गहरी, कर—भर से न बदलती ॥2॥
'सदा रहे सौभाग्य' सोचना, प्राय होता है बेकार
बिना हिचकिचाए अच्छा इसको कर लेना हो स्वीकार
तभी तुम्हारी हालत बच पाएगी रही फिसलती ॥3॥
समझाने वाला नही घोल पिलादे उसे पचवादे
नही किसी की मजाल, आफत आई से बचवादे
खुद की ही चेष्टा मे कुछ हो सकता, सुधरे गलती ॥4॥
समय मिला उसको योंही जो खोदे वह पछताए
ऐसा क्यो सोचे बैठा फिर गया समय आजाए
यही मूल जो बहुत बढी की कमी हुई क्या सभलती ॥5॥

खिण खिण रो साथो दीन्या रो, अलग पणो नही याद
सोणो, उठणो और जागणो भेळो हो लखदाद
आज करे क्या वाद
रुठ गयो माने नही मानी, कर लीन्या जतन करोड़ ॥2॥

सुगन्ध री लपट्या उडी लगा साबण तेल फुलेल
नित्य नया सिणगार सजाया, बाज्या मारु–छैल
तोभी बिगड्यो खेल
मन सूं भरता हाजरी भी, लीन्यो मुंह मचकोड ॥3॥
परदेशी री प्रीत अधूरी, मत करज्यो विश्वास
आतो आतो ही रुक जावे, ओ साथीडो सास
टूटी घणा री आश
पछी ज्यां पिंजरो तज देवे, बदल लेवे निज ठोड ॥4॥

दोन्यां रो साथो जद ताई, ले लो इण सूं काम
बिछुड्या फेर मिलेला जद ही, बोलीजेलो नाम
उलट फेर है तमाम
सोच सोच पग धरसी वोही, बण जासी सिरमोड ॥5॥

मिल्यो बिछुडग्यो, आयो गयो है, इण जग री आ रीत
एक दिवस पछताणो पडसी, जो करसी परतीत
हार ने मानली जीत
काल वो गयो आज ओ गयो, लागी दौडादौड ॥6॥

जन्मे गावे गीत मरे रोवे दे बांगा पाड
च्यार दिना रे बाद बराबर, ज्यां नही हुवो उजाड
ना तिल ना कोई ताड
नया पुराणा स्यूं नाना–रिश्ता लेवे तोड जोड ॥7॥

हसो मान सरोवर वासी ।

बुगले ने जग हसो जाणे, रुक रुक आवे हासी ।।स्था।।

ताल भर्यो है कमल फळां सू, फूल भी सूर्य विकासी
शोभा देखण आवे आख्यां, सुन्दरता री प्यासी ।।2।।

बुगले जळविच ध्यान लगायो, हो ज्या सत उदासी
फूल फळा ने कुण सू घे वो पकड माछली खासी ।।2।।

क्षीर-नीर आधो आधो पण बुगलो बेगो उडासी
रग एक मे के होणी, वाता वेमेळी खासी ।।3।।

हंसो चुगसी तो मोती, नही तो निरणो रै जासी
नीर अलग वेने तो केवल दूध दूध ही भासी ।।4।।

शिव गति मानसरोवर बाजी, चेतन हस गिणमी
वक-रुपी खोटो मन जग मे राफड रोल मचासी ।।5।।

जाणो दूर तो भार घटाले, जोखो मत ले सागे

गाडी छूटण री तैयारी, ठेसण और भी आगे ।।स्था ।।

सागी टेम लगाई दौडादौड मार्ग न समतळ
खाडा मूं वचणे मे चक्कर, कांटा-काकर तूं टल
कुण दे देसी वेंत वलद क्यू मू ढो हारण मागे ।।1।।

सगळा रा पथ न्यारा न्यारा, सागी एक पडाव
सागो हो या रेवे एकलो, अणचीत्यो ही वढाव
सारां रे ऊतावळ वोही भागे वोही भागे ।।2।।

सुमरण कर भगवन्ता रो वोही हो जासी सवळ
कावळ होवण वाळी होणी मो हो जासी सावळ
सीधे रो घट प्रभु रो वासो, जद ही सुभाग जागे ।।3।।

बीती रात बच्यो झाझरको । मिटतो झण्णाटो झालर को ॥
फुरती कर दिन ऊगणवाळो । इन घर रो जारयो रुखालो
खडके मे कुण सुणसी खडको ॥1॥
जीमण वेळा पेट न भरियो । नखरा करणे पर उतरियो
करनो रै अवे फीको चरको ॥2॥
झाजर वाज रही मिदर मे । पछो तडपरयो पिंजर मे
झण्णाटो रुकग्यो पछी फडफडकर मारगयो फड़को ॥3॥
दोप नही पिंजरे रो इक दिन । होणी होसी चेताया विन
रेवे न पावणो वदीवार को ॥4॥
बेन सके तो बोत बधाई । वेळा रो होवे अधिकाई
भली रात रो आछो तडको ॥5॥
जीवन ओ सगीत वणाले । आतमा सागे साज वजाले
जाणकार हो प्रगति—स्वर को ॥6॥
प्रभु भजले आछी आ वेळा । शुभ सयोग रा होसी मेळा
भागे भून दुर्गति के डर को ॥7॥
भटकण मिट जावेली सारी । वण जासी तू अचरजकारी
हो हकदार परम गति वर को ॥8॥

● ● ●

इच्छा ने पाया मूर्तरुप सहयोगिनी हो गई एक कलम
पर लिखने वाला अल्पबुद्ध, शब्दो की सज्जा अतीव कम
भावो की बाढ न रुकपाई, दिल-कागज बना सुरम्य ताल
निमित्त मैं तो बन ही गया, वे आदरणीय बने माध्यम ।

● ● ●

जिनकी केवल अब याद बची, चरणो मे उनके लाख नम
दू इसके सिवा क्या ? दूरीका, यह ही तो निकटपन और मिल

—गुलाब चन्द वैद

jनसेवा की आपकी
उत्कट भावना को ही
अपने लिए राजपथ
माना है मैंने।
समुचित ढग से
निभा सकू इसे
यही मातु श्री व पिता श्री
के प्रति सच्ची श्रद्धान्जलि होगी—

शुभकरण वैद

मौन रहने की आपकी
सद्‌शिक्षा–पालन का
अभ्यास आगे बढाऊ
इसे आपसे पाई शुभ दृष्टि
मानती हूं।

गवरजा नाहटा

पुस्तक प्राप्ति स्थान :--

(1) श्री सम्पतलाल वैद । प्रकाश मेडिकल हाल बाइसी
प्रकाश इलेक्ट्रोनिक । गुलाब बाग
(पूर्निया)

(2) श्री मानिकचन्द वैद । अरिहन्त मेडिकोज–गुलाव बाग
(पूर्निया)

(3) श्री अनोपचन्द वैद । अरविन्द स्टोर–गुलाव बाग
(पूर्निया)

(4) श्री शुभकरण वैद । किशोर वस्त्रालय–बाइसी
(पूर्निया)

(5) श्री कमलचन्द वैद । मनोज स्टोर-बाइसी
(पूर्निया)

(6) श्री राजकिशोर वैद.... ....